बौद्धमय भारत की परिसंकल्पना के जनक

Baba Sahab Dr. B. R. Ambedkar

🔵🔵☸☸☸ बौद्ध आचार संहिता ☸☸☸🔵🔵

१. दीक्षा और दीक्षा पद्धति एवं श्रद्धाभावना

२. दिनचर्या (जीवन शैली)

३. खान–पान

४. पहणावा

५. श्रृंगार और आभूषण एवं बौद्ध प्रतिक

६. षडरोशनी पंचशिल बौद्ध धंम्म–ध्वज

७. घर की बनावट और साज–सज्जा

८. संखार एवं विधी

९. पर्व/उत्सव

१०. अट्ठसिल उपोसथ संकल्प

११. प्रतिदिन वंदना

१२. संबोधन

१३. बौद्धों के गुण

१४. संक्खार कंम्मक्ख संहिता

१५. भिक्खु कों निम्नलिखित बातों सें बचना चाहिए

१६. बौद्धों कों क्या करना चाहिए

१७. बौद्धों कों क्या नहीं करणा चाहिए

१८. बौद्धों की परंपराऐं

१९. निषेधात्मक बातें

२०. गृहस्थ के लिऐं नियम

२१. सदाचारी बने रहणे के लिऐं धंम्मोपदेश

२२. भिक्खु/भिक्खुणियों के प्रति धंम्म अनुयायीयों के कर्तव्य

२३. भिक्खु/भिक्खुणियों के दायित्व

२४. बौद्ध माह और सप्ताह के दिन

२५. बौद्ध आचार संहिता निर्माण में हस्थाक्षर

१. दीक्षा और दीक्षा पद्धति एवं श्रद्धाभावना

१. बौद्ध व्यक्ती धंम्म में प्रवेश के समय परिवार सहित धंम्म दीक्षा लें|

२. बौद्ध परिवार में जन्म लेणे वालें शिशु का दीक्षा संस्कार पांच (५) वर्ष किं आयुं तक करवां लेना चाहिऐं|

३. परिवार के सभी सदस्य बौद्ध बनने हेतूं मानसिक रूप से तय्यार हों|

४. दीक्षा ग्रहण करणे वालें सभी सदस्य श्वेत वस्त्र धारण करें|

५. दीक्षा लेणे के लिये सुयोग्य भिक्खु/भिक्खुणि कों घर पर आमंत्रित करें अथवा बुद्ध विहार में जाकर भिक्खु/भिक्खुणि से दीक्षा लें|

६. दीक्षा लेते समय धंम्म याचना करें, इसके पास पश्र्च्यात तिसरण पंचशिल की याचना करें|

७. भिक्खुद्वारा दीक्षा दिए जाणे के उपरांत दीक्षा लेणे वाले सभी व्यक्ती भिक्खुको संघदान अवश्य करें|

८. बुद्ध ही मेरे शास्ता है, दीक्षित व्यक्ती और उसका परिवार इसे पुरी श्रद्धा और से से स्विकार करें|

९. दीक्षा संस्कार का अर्थ है – पूर्व धर्म के त्योहार और रूढीवादी मान्यताऔं का पुरी तरह त्याग करके बौद्ध धंम्म के परंपरा, उत्सव और प्रतिकों को स्वीकार करना|

१०. दीक्षा के उपरांत घर में दीक्षा उत्सव आयोजित कर स्वयं के बौद्ध होणे की घोषणा करें|

११. दीक्षा उत्सव में अपने प्रियजनों, निकट संबंधियों, मित्रों व आस–पास के लोगों कों आमंत्रण दे|

१२. दीक्षा उत्सव के अवसर पर शालिन गीत–संगीत एवं भोजन की व्यवस्था भी की जा सकती है|

१३. दीक्षा उत्सव में किसी भी प्रकार के नशिले पदार्थो और मांसाहार से विरत रहना चाहीयें|

१४. दीक्षित व्यक्ती के मन में बुद्ध, धंम्म और संघ के प्रति श्रद्धाभावना होनी चाहिए|

श्रद्धाभावना

– मुझे विश्वास हैं की तथागत मुझे अकुशल कर्मो सें बचायेंगे|

– मुझे विश्वास हैं की तथागत मुझे श्रेष्ठ जीवन के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देंगे|

– मुझे विश्वास हैं की तथागत मुझ में करुणा और मैत्री का संचार करेंगे|

– मुझे पूर्ण विश्वास हैं की तथागत ही मेरा कल्याण करेंगे|

– हे तथागत! आज से ही आप मुझे जीवनपर्यंत अपना सरणागत अनुयायी स्वीकार करें|

२. दिनचर्या (जीवन शैली)

१. प्रातःकाल उठते ही परिवार के सभी सदस्य परस्पर 'नमो बुद्धाय' 'जय भीम' से अभिवादन करें|

२. प्रात ६:०० बजे परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठकर वंदना (तीसरण–पंचशील का संगायन) करे| पंचशील के पालन का संकल्प लेकर ईसे दिनचर्या का हिस्सा बणाए|

३. ध्यान साधना व कायासति का नियमित अभ्यास करे|

४. परिवार की महिलाओं के कामकाज में सहयोग व उणका संम्मान करें|

५. परिवार के सभी सदस्य सदैव प्रसंन्नचित्त रहें| करुणा और मैत्री से परस्पर व्यवहार करें| क्रोध, मारपीट व अपशब्दों से दुर रहें|

६. अपने कार्यस्थल अथवा पदस्थापन स्थान पर जिम्मेदारी और इमानदारी से काम करें| आय के अनैतिक और भ्रष्ट साधणों से दुर रहें|

७. अपरिचित लोगों के प्रति भी करुणा और मैत्री रखे|

८. किसी व्यक्तीद्वारा सहाय्यता किये जाणे पर हाथ जोडकर, सिर झुकाकर, कृतज्ञतापूर्वक 'साधुवाद' (धंन्यवाद) कहें|

९. समूह में संवाद करते हुये किसी भी व्यक्ती के साथ बहस की अपेक्षा मैत्रीपूर्ण ढंग से अपना पक्ष रखें|

१०. परिवार के कामकाजी सदस्य कें शाम को घर लौटने पर बाकी सदस्य मुस्कुरातें हूये 'नमो बुद्धाय' 'जय भीम' बोलकर उनका अभिवादन करें|

११. सायं ६:०० बजे सभी सदस्य साथ बैठकर वंदना करें| डॉ. बाबासाहब आंबेडकर द्वारा लिखित 'बुद्ध और उनका धंम्म' ग्रंथ के एक अध्याय का वचन करें|

१२. टीवी चैनलो पर अंधविश्वास के प्रचारक सिरीयल/फिल्में और भ्रामक समाचार न देखें|

१३. धंम्म की प्रेरणादायक व प्रामाणिक देसणायें सूने व धंम्म से संबंधित साहित्य का पठण–पाठण करें|

१४. आदिच्चवारो (रविवार) के दिन निकटतम बुद्ध विहार में जाकर सामूहिक वंदना करें व धंम्म देसना सूनें|

१५. बौद्ध बनना ही पर्याप्त नहीं है, धंम्म का प्रचार–प्रसार करणे का दायित्व भी निभायें|

१६. परिवार के सभी सदस्य मोबाईल के अनावश्यक प्रयोग से बचें|

१७. रात्री सोने से पूर्व सबके कल्याण की भावना रखते हुए परस्पर 'नमो बुद्धाय' कहकर सोये|

३. खाण–पाण

१. बौद्धों का उत्तम भोजन पायस हैं| सभी महत्त्वपूर्ण उत्सवों व अवसरों पर पायस का वितरण किया जाणा चाहिए| चावल, दूध, शक्कर को उचित प्रकार से पकाकर, उपलब्धता अनुसार सुखे मेवें डालकर पौष्टिक एवं स्वादिष्ट पायस तय्यार की जानी चाहिए|

२. चुरमा/मलिदा बौद्धों का महत्त्वपूर्ण भोजन हैं| आतिथ्य सत्कार के समय व विशेष अवसरों पर यह परोसना चाहिए|

३. बौद्धों का उत्तम पेय साकसुपो हैं| मौसम अनुसार उपलब्ध सब्जीयों को उबालाकर उसमें काला नामक, कालि मिर्च, अदरक व निंबू डालकर तैय्यार पेय को छानकर 'साकसुपो' तैय्यार किया जाणा चाहिए|

४. बौद्धों का भोजन पौष्टिक, संतुलित एवं सुपाच्च होना चाहिए|

५. बच्चों, किशोर/किशोरीयों, गर्भवती महिलाओं व स्तनपान करवानेवाली महिलाओं के भोजन में पौष्टीकता का विशेष ध्यान रखा जाणा चाहिए|

६. भारतीय परिप्रेक्ष्य में मांसाहार को भोजन का हिस्सा बणाने से बचना चाहिए|

७. बौद्धों के लिये शराब, तंबाकु अथवा अंन्य किसी भी प्रकार का नशा पूर्णतः वर्जित हैं|

४. पहणावा

१. विभिन्न सामाजिक एवं धंम्मिक आयोजनो में श्वेत वस्त्र अनिवार्य रूप से पहनने चाहिए|

२. पहणावे के आधार पर लडका–लडकी अथवा महिला–पुरुष में किसी प्रकार का भेदभाव नही करणा चाहिए|

३. महिला व पुरुष दोनो को शालीन वस्त्र ही पहनने चाहिए| अमर्यादित व उपहास का पात्र बणाने वाले पहणावे से बचना चाहिए|

४. बौद्ध परिवारों में घुंघट जैसी अमानवीय प्रथा पूर्णतः वर्जित हैं|

५. विवाह के समय दारक/दारिका श्वेत वस्त्र पहणे|

५. श्रृंगार और आभूषण एवं बौद्ध प्रतीक

१. बौद्ध महिलाओं को गुलामी के प्रतीक आभूषण जैसे – हाथ में चुडियां, पैर में बिछीयां/चुटकी नाक में छल्ला, मंगलसूत्र, पायल आदि नही पहनने चाहिए|

२. बौद्ध महिलाओं को मांथे पर बिंदी और मांग में सिंदुर नहीं लगाना चाहिए|

३. व्यक्तित्व की पहचान सदगुणों से होती है, अतः बौद्ध अनुयायीयों को सौंदर्य प्रसाधन का कम से कम उपयोग करना चाहिए|

बौद्ध अनुयायियों के लिय प्रतीक

प्रत्येक बौद्ध को अपने घर में ये प्रतीक रखणे चाहिए –

१. बुद्ध प्रतिमा/चित्र

२. बुद्ध और उनका धंम्म ग्रंथ, त्रिपिटक साहित्य

३. धंम्मचक्र/अशोक चक्र

४. बोधि वृक्ष (पिपल) का पत्ता

५. षडरोशनी पंचशिल बौद्ध धंम्म–ध्वज

६. षडरोशनी पंचशिल बौद्ध धंम्म–ध्वज

टीप्पणी – षडरोशनी पंचशिल बौद्ध धंम्म–ध्वज के रंग इस प्रकार हैं – निला, पिला, लाल, सफेद, काषाय (नारिंगी)| छठी पट्टी में ये पांचो रंग संम्मिलित होते हैं|

इन रंगों का प्रतीक अर्थ इस प्रकार हैं –

१. निला :– नीले आकाश के भांति बुद्ध शिक्षाओं की व्यापकता, समानता, दयाशिलता, एवं करुणा का प्रतीक|

२. पिला :– यह मध्यम मार्ग का प्रतिक हैं – जो दोनो प्रकार की अतियों अर्थात अत्यंत वैभवशाली जीवन, और कठीण तपश्चर्या के त्याग की शिक्षा देता हैं| यह शून्यवाद का भी प्रतीक हैं|

३. लाल :– यह रंग गतिशीलता, चारित्रिक क्रांती, दृढ संकल्प, प्रज्ञा (ज्ञान), सदाचरण, और धंम्म प्रतिष्ठा का प्रतीक हैं|

४. सफेद :– बौद्ध धंम्म में चारित्रिक निर्मलता व शांती का प्रतीक|

५. काषाय (नारिंगी) :– बुद्ध की देसना, प्रज्ञाबल एवं त्याग का प्रतीक|

६. ध्वज में छठी पट्टी में ये पांचो रंग विश्व में की जैविक ऐक्यता तो खडे पांच रंग ये विश्व शांतता के प्रतीक माने जाते हैं| एक प्रकारका ये ध्वज वंश, नागरिकत्व, वर्ग, जाती, रंग,

नानाविध परंपरा इन में भेद मानता नही|

७. घर की बनावट और साज–सज्जा

१. घर में मुख्य द्वार का निर्माण बौद्ध सभ्यता कें प्रतीकों जैसे सांची द्वार, बोधि वृक्ष (पिपल) का पत्ता आदि के अनुसार होणा चाहिए|

२. मुख्य द्वार पर अशोक स्थंभ, अशोक चक्र, बोधि वृक्ष (पिपल) के पत्ते की आकृती भी लगाई जाणी चाहिए|

३. प्रवेश द्वार पर बोधि वृक्ष (पिपल) के पत्ते की आकृती झालर के रूप में लगाई जाणी चाहिए|

४. षडरोशनी पंचशिल बौद्ध धंम्म–ध्वज की आकृती दिवार पर बनाई जाणी चाहिए|

५. घर की छत के एक (१) भाग को स्तूप के आकार में निर्मित किया जा सकता हैं|

६. घर में प्रवेश करते हीं सामने स्थान निर्मित कर बुद्ध की प्रतिमा/चित्र स्थापित करणा चाहिए, जहाँ परिवार के सभी सदस्य बैठकर बुद्ध वंदना/ध्यान साधना कर सके|

७. घर के परिसर में जगह की उपलब्धता अनुसार छायादार, फलदार और फुल वालें पौधें लगाने चाहिए|

८. वांस्तूशास्त्र और गृह दोष जैसे भ्रमित दृष्टीकोण अबौद्धिक हैं| प्रत्येक बौद्ध कों इनसे बचना चाहिए|

९. भवन निर्माण के समय प्रत्येक कमरे में हवा और प्रकाश का उचित प्रबंध सुनिश्चित करना चाहिए|

१०. उद्घाटन, गृह प्रवेश, दुकान, प्रतिष्ठान के मंगल आरंभ के अवसर पर रिबन काटणे की अपेक्षा आपस में बंधे हुये दो सुंदर रीबनों के बीच लगी हुई गांठ खोलकर प्रवेश करणा चाहिए|

११. जन्म दिवस व किसी भी महत्त्वपूर्ण अवसर पर केक काटणा नहीं चाहिए अपितू केक बांटणा चाहिए| बौद्ध धंम्मानुसार काटणे की नही बाटणे की परंपरा होनी चाहिए| ईसी तरह मोंमबत्ती बुझाने की अपेक्षा जीवन के नव वर्ष में प्रवेश की खुशी में मोंमबत्ती जलानी चाहिए|

८. संखार एवं विधि

प्रत्येक बौद्ध को समय–समय पर निम्नानुसार संखार (संस्कार) करवाने चाहिए –

१) गब्भ मंगल संखार

अ. गब्भ मंगल संखार का उद्देश यह हैं की हष्ट–पुष्ट एवं पूर्ण विकसित शिशु का जन्म हो तथा गर्भिता का स्वास्थ्य भी अच्छा रहे|

ब. यह संखार गर्भधारण के पांच (५) मांह से नौवे (९) माह तक किया जा सकता है|

क. गब्भ मंगल संखार का उद्देश पुत्र या पुत्रि की कामना से नही हैं|

२) नामकरण संखार

अ. शिशु के जन्म के पश्चात उसे एक सुंदर, अर्थपूर्ण, संम्मांन सूचक और बौद्धसभ्यता के अनुसार नाम देणे के लीय यह संखार किया जाता हैं|

ब. यह संखार माता व शिशु के स्वस्थ होणे के बाद करना चाहिए|

क. नामकरण संखार के अवसर पर ननिहाल पक्ष व अन्य संबंधियों की तरफ से लेन–देन नहीं करना चाहिए|

ड. नवजात शिशु को काला धागा, काला टीका, तगडी, गले में कोई भी प्रतीक नहीं डालना चाहिए|

इ. बच्चे के जन्म पर किसी प्रकार का जन्म भोज एवं असंगत खर्च नहीं करना चाहिए|

३) दीक्षा संखार – पृष्ठ संख्या १२ देखें

४) विज्जारंभ संखार

अ. विज्जारंभ संखार बालक–बालिका के विद्यालय प्रवेश के अवसर पर बच्चे के मन में उत्साह जागृत करणे के उद्देश से किया जाता हैं| इस दिन परिजनों, मित्रों की उपस्थिती में सामूहिक वंदना कर शिक्षा के महत्त्व पर चर्चा करणी चाहिए|

ब. विज्जारंभ संखार के अवसर पर परिजनों द्वारा नये वस्त्र, बैग, पेन (कलम), पेन्सिल, अभ्यास पुस्तिकायें आदी अध्ययन सामग्री उपहार में दीं जाणी चाहिए|

क. इस अवसर पर बच्चे को खाणे–पिणे की वस्तुयें भी भेंट में दि जानि चाहिए|

५. मंगल पाणिग्गह संखार (विवाह)

१. पाणिग्गह संखार युवक–युवती की आयु वैधानिक प्रावधान अनुसार पूर्ण होणे के बाद ही किया जाणा चाहिए|

२. बौद्ध व्यक्ती कों बौद्ध परिवार में ही पाणिग्गह संखार (विवाह संबंध) स्थापित करना चाहिए|

३. बौद्ध परीवांरों कें वरिष्ठ सदस्योंद्वारा लडके अथवा लडकी की सहमती से ही रिश्ता तय करना चाहिए|

४. पाणिग्गह संखार की तिथी दोनों परिवार अपणी सुविधानुसार तय करें|

५. इसके लिय मंगल पाणिग्गह निश्चयपत्र भरणा चाहिए|

६. किसी प्रकार के लग्न, टीका, सगाई, गोद भराई, रिंग सेरेमनी, प्री–वेडिंगसुट जैसी परंपराओं का बौद्ध व्यवस्था में कोई स्थान नहीं हैं|

७. विवाह सें पांच सात दिन पहले लडके अथवा लडकी कों तेल चढाना, तेल उतारणा, हल्दी लगाणा जैसी रस्में बौद्ध व्यवस्था का हिस्सा नहीं हैं, इनसे बचना चाहिए|

८. घर में विधवा महिला अथवा संतान विहीन महिला सदस्यों को मंगल पाणिग्गह संखार से दुर रखणा अमानविय हैं, ऐसा नहीं करना चाहिए|

९. महंगे और दिखावे के प्रतीक मेरिज गार्डन/व्यंकट हॉल/रिसॉर्ट/हॉटेल की अपेक्षा पाणिग्गह संबंधी संखार घर पर संप्पन्न किया जाणा चाहिए| घर पर जगह उपलबद्ध नहीं होने की स्थिती में किसी सामुदायिक भवन को चुना जाणा चाहिए|

१०. पाणिग्गह संखार में दारक/दारिका को श्वेत वस्त्र पहनने चाहिए|

११. पाणिग्गह संखार भिक्खु/भिक्खुणिंयों से नहीं करवाना चाहिए|

१२. पाणिग्गह संखार – संखार कंम्मख से ही करवाना चाहिए|

१३. बौद्धों को पाणिग्गह संखार दिन में ही करना चाहिए|

१४. सामाजिक कुरीतियों जैसे दहेज, भात, बारात, बैंड, डिजे, बडे टेन्ट, बडी दावत, घुडचढी, वस्त्र/आभूषण लेन–देणं आदि को बौद्ध पाणिग्गह संखार से दूर रक्खा जाणा चाहिए|

१५. पाणिग्गह संखार के समय कंन्यादान, लडकी को डोली में बैठाकर विदा करना अमानविय व वर्जित हैं|

६. पव्वज्जा संखार

अ) जब कोई पुरुष या महिला गृहत्याग करके धंम्म प्रचार हेतू भिक्खु/भिक्खुणी बनना चाहता हैं, तब पव्वज्जा संखार किया जाता हैं|

ब) यह संखार किसी वरिष्ठ भिक्खु/भिक्खुणी (१० वस्सावास पूर्ण) द्वारा ही संप्पंन्न कारवाया जाता हैं|

क) पव्वज्जा के पश्चात सामणेर को धंम्म के अध्ययन के लिये सात (७) वर्ष तक आचार्य के सानिध्य में रहना चाहिए|

ड) कोई भी आचार्य किसी सामणेर को धंम्म सिखाये बिना शीघ्र जाणे की अनुमती प्रदान न करें| इस से धंम्म की हानी होगी| भिक्खु यांनी आचार्य को दुक्कट का दोष लगेगा|

इ) सामणेर/सामणेरी उपसंपदा संखार के बाद ही चारिका के लिये निकले|

ई) सामणेर/सामणेरी रहते हुये धंम्म चारिका, प्रचार–प्रसार के लिये न नीकले|

उ) सामणेर/सामणेरी बनणे के कम से कम सात (७) वर्ष की अवधी के बाद ही उपसंपदा होनी चाहिए|

७. अंत विधी संखार

१. परिवार के किसी सदस्य की मृत्यू के पश्चात मृत देह को जमीन पर रखने की अपेक्षा संम्मान के साथ तक्खत या चारपाई पर ही रखना चाहिए|

२. मृत देह को श्वेत वस्त्र से ही ढका जाणा चाहिए|

३. मृत देह पर परिजनों, रिस्तेदारों या मित्रोंद्वारा किसी भी प्रकार की चादर, लोई, शॉल, धोती इत्यादी नहीं डालनी चाहिए|

४. मृत देह पर धंम्म–ध्वज या नीला ध्वज भी नहीं डालना चाहिए|

५. अंतिम दर्शन के समय मृत व्यक्ती के शरीर पर पुष्प अर्पित करते ही संम्मान प्रदर्शित करना चाहिए|

६. तिसरण एवं पंचशिल संगायन के बाद पार्थिव शरीर को लेकर जाणा चाहिए|

७. पार्थिव शरीर को सुसान/मुसाण (स्मशान) ले जाते समय मौन रहणा चाहिए|

८. मृत देह पर आटे का लड्डू बनाकर रखणा, मुह में सिक्के रखणा, मुह में घी डालना जैसे कर्मकांड नहीं करणे चाहिए|

९. मृत देह का अंतिम संखार अग्नी में जलाकर अथवा जमीन में दफनाकर किया जा सकता है|

१०. अंतिम संखार के बाद समय की उपलब्धतानुसार अस्थियोंको संग्रहित करके एक मिट्टी के पात्र में रखकर स्वयं की कृषी भूमी अथवा सरकारी भूमी में दबायें और उसके उपर भौगोलिक परिस्थिती अनुसार कोई छायादार/फलदार रुक्ख (वृक्ष) लगाये|

११. तीन दिन पश्चात नजदिकी बुद्ध विहार, सामुदायिक भवन अथवा स्वयं के निवास पर परिजनों, रिश्तेदारों, मित्रों की उपस्थिती में किसी योग्य भिक्खु/भिक्खुणी अथवा

कुशल संखार कंम्मख से परित देसना करवाये|

१२. परित देसना की समय अवधि एक (१) घंटे से अधिक नहीं होनी चाहिए| इस अवसर पर पायस वितरण के अतिरिक्त अंन्य किसी भी प्रकार का भोज नहीं किया जाणा चाहिए|

१३. भिक्खु/संखारकर्ता परित देसना के अवसर पर परिजनों/उपस्थित लोगों से संघदान ग्रहण न करें|

१४. अपने प्रियजन की मधुर स्मृती में अपनी सामर्थ्यनुसार बुद्ध विहार निर्माण, पुस्तकालय की स्थापना, शिक्षा व्यवस्था निर्माण हेतू स्कूल/हॉस्टेल में कक्ष निर्माण आदि स्थायी कार्य करें|

१५. आत्मा की मुक्ती हेतू कर्मकांड, गंगा स्नान, अस्थी विसर्जन, मृत्यू भोज, उठावणी, पितृ भोज जेसी अनावश्यक परंपरायें बौद्ध व्यवस्था का हिस्सा नहीं हैं, इनसे दूर रहणा चाहिए|

९. पर्व/उत्सव

बौद्धों के तीन महत्त्वपूर्ण पर्व हैं –

१. बुद्ध (वैशाख) पूर्णिमा :–

महाकारूणिक बुद्ध के जन्म, संबोधि प्राप्ति और महापरिनिब्बाण की घटनायें वैशाख पूर्णिमा के दिन घटीत हूई थी, इस वजह से इस दिन को बुद्ध पूर्णिमा के नाम से जाणा जाता है| यह बौद्धों के महापर्व के रूप में दुनियाभर में मनाया जाता है| इस कार्यक्रम का आयोजन नजदीकी बुद्ध विहार में ही करणा चाहिए| विहार नहीं होने की स्थिती में किसी समुदायिक भवन अथवा पांडोल लगाकर यह आयोजन किया जा सकता है| भारतीय (अर्हत/जंबुद्विप) बौद्धों को प्रति वर्ष इस पर्व को निम्नानुसार मनाना चाहिए|

१. सर्वप्रथम उपासक–उपासिकायें कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर किसी सुयोग्य भिक्खु/भिक्खुणी के सानिध्य में सामूहिक वंदना कर, उपोसथ हेतू अट्ठशिल ग्रहण करें| भिक्खु/भिक्खुणी विषय केंद्रित और सारगर्भित देसना दे| तत्पश्र्चात सभी भोजन ग्रहण करें|

२. भोजन पश्चात सभी पुनः अपने स्थान पर आकर बैठे| भिक्खु/भिक्खुणी राजकुमार सिद्धार्थ की जन्म की घटना का प्रदर्शन (फ्लेक्स/विडीओ क्लिप/कट आऊट आदि से) करते हुए सिद्धार्थ के जन्म, माता–पिता, जन्म स्थान और जन्म की घटना का प्रभावशाली वर्णन करें| फिर जैसे ही राजकुमार सिद्धार्थ के जन्म की घोषणा हो, पारंपारिक वाद्य यंत्र वादन और लोक गीतों के साथ सब लोग प्रसंन्नता प्रकट करे|

३. कार्यक्रम के अगले चरण में सिद्धार्थ के संबोधि प्राप्ति का सजीव प्रस्तुतीकरण करें| सुजाता द्वारा सिद्धार्थ कों भेट की गई पायस का जिक्र करते हुये सभी उपासक/उपासिकाओं को भी पायस वितरित करे| फिर आगामी चालीस मिनट के सत्र में सभी मौन ध्यान साधना करे और सिद्धार्थ द्वारा की गई ध्यान साधना और चार चरणों (प्रथम चरण में एकांत, दुसरे में एकाग्रता, तिसरे में समभाव/संचेतना, चौथे चरण में निर्मलता) की व्याख्या करें| अंत में उनके द्वारा खोजे गये चार अरिय सत्यों, अष्टांगिक मार्ग, पंचशिल पर प्रकाश डालते हूये संबोधि प्राप्ति पश्चात उनके संम्यकसंबुद्ध होणे की घोषणा करें| ठीक उसी समय मंचपर संम्यकसंबुद्ध की प्रतिमा/चित्र/कट आऊट/फ्लेक्स का प्रदर्शन हों| जैसे ही संबोधि प्राप्ति की घोषणा हो, समारोह स्थल में चारो तरफ प्रकाश कर दिया जाये| मधुर संगीत बजाया जाणा चाहिए| उपस्थित सभी लोग चित्र/प्रतिमा कों नमन करते हूये 'बुद्धं सरणं गच्छामि' का उद्घोष करें|

४. कार्यक्रम के अंतिम सत्र में महाकारूणिक बुद्ध के जीवन की महत्त्वपूर्ण देसणाओं, प्रसिद्ध भिक्खु/भिक्खुणियों, शरणागत आणे वाले पात्रों के साथ–साथ उनकी कुशिनारा तक की यात्रा का चित्रण करते हुये शोकाकुल आनंद को 'अत्त दिपो भव' के संदेश की व्याख्या करे और अंत में तथागत के महापरिनिब्बाण की घोषणा करें| ऊसी समय स्टेज पर दायिं करवट लेते हुये तथागत का चित्र/फ्लेक्स/कट आऊट प्रदर्शित करे और हॉल में रोषणी कम कर दि जाये| उपस्थित उपासक/उपासिकायें मौन रहकर स्टेज पर आकर पुष्प अर्पित करें|

५. कार्यक्रम का समापण 'सब्ब सुख गाथा' के साथ किया जाणा चाहिए|

२. धंम्मचक्कपवत्तंनय :–

आषाढ पूर्णिमा के दिन तथागत ने पांच परिव्राजकों को पहला धंम्मोपदेश दिया था| इसी दिन पांचों परिव्राजक तथागत के शिष्य बनकर भिक्खु बने थें| इस प्रकार धंम्म को स्थापित करणे का विश्व में येह प्रथम प्रयास था इसीलिये ईसे धंम्मचक्कपवत्तंनय कहा जाता है| इस पर्व को निम्नानुसार मनाणा चाहिए –

धंम्मचक्कपवत्तंनय से एक (१) सप्ताह से पूर्व बहरम सहंपत्ती की घोषणा करणी चाहिए| जो धंम्म प्रचारक हैं, संखार कंम्मख हैं, भिक्खु/भिक्खुणी या कोई भी धंम्म का जाणकार जो ठीक से संबोधन करना जनता हैं, वह बहरम सहंपत्ती की भूमिका में गाँव–गाँव जाकर लोगों को इक्कट्ठा करके सहंपत्ती की घोषणा को सुणाये|

घोषणा के उपरांत यदि संभव हो तो पायस का वितरण करें|

– बरंहम सहंपत्ती की घोषणा ढोंल नगाडे बजाकर भी की जा सकती हैं|

– बरंहम सहंपत्ती का गाव में प्रवेश ढोल, नगाडे के साथ किया जा सकता हैं|

– रात्रि के समय जो बरहम सहंपत्ती की भूमिका में हैं उसके गाँव में ठहरणे की व्यवस्था भी करणी चाहिए|

– प्रत्येक गाँव में बरहम सहंपत्ती की घोषणा की तिथी निश्चित की जणी चाहिए| सहंपत्ती की घोषणा के बाद धंम्मचक्कपवत्तनय की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए|

इस उत्सव को कैसे मनाए –

इस पर्व के लिये पांच बच्चों का चुनाव करें| जिनकी उम्र १६ वर्ष से कम हो, जो परिव्राजक बन सके|

– ये पांचो परिव्राजक बनकर श्वेत वस्त्र धारण करें| – एक श्वेत वस्त्र बाए कंधे को ढकते हुए चीवर की तरह से पहणे|

– सुबह ९:०० बजे ही वे परिव्राजक किसी विशेष महत्त्वपूर्ण स्थान पर बैठें| – सबसे उत्तम येह हैं की यह स्थान बोधि–वृक्ष (पिपल) के नीचें हो|

– यदि बोधि–वृक्ष (पिपल) नहीं हो तब उसके प्रतीक के रूप में चित्र बनाकर वह दीवार पर लगाये और उसके आगे परिव्राजक बैठे| धंम्मचक्कपवत्तनय दिवस के पहले ही धंम्मचक्क बनांने का प्रयास शुरु करें|

– प्रातःकाल का भोजन उपासकों द्वारा दिया जाए| धंम्मचक्कपवत्तनय स्थल को रेखांकित किया जाए|

– यह चुणाव सहंपत्ती की घोषणा के दिन या फिर एक–दो दिन में ही कर लेणी चाहिए|

– ऊस स्थल की साज–सज्जा भी की जानी चाहिए|

– षडरोशनी पंचशिल बौद्ध धंम्म की पताका से उसकी सजावट करें|

दोपहर बाद –

– तथागत द्वारा दिया हुवा प्रथम धंम्मोपदेश जो की पहले से ही छपा हूवा होंगा असे पढा जाणा चाहिए|

– जो परिव्राजक बने हुए हैं, उन्हे उपहार दिया जाणा चाहिए|

दोपहर बाद धंम्मोपदेश पढने से पहले गाँव या नगर की गलियों में धंम्म चारीका की जानी चाहिए|

– चारिका में सबसे आगे बडा धंम्मध्वज होगा|

– उसके पीछे धंम्मचक्क लेकरं परिव्राजक चलेंगे|

– उसके पीछे–पीछे दो पंक्तीयों में धंम्मध्वज लेकरं उपासक/उपासिका चलें|

– धंम्म के डंडे को दोनो हाथों से पकडकर बाहर की तरफ तिरच्छा झुकाकर लेकरं चलें|

– बाईं पंक्ती के लोग झंडे को बाई और झुकायेंगे|

– दाई पंक्ती के लोग झंडे को दाई और झुकायेंगे|

– उनके पीछे–पीछे उपासक/उपासिका होंगी|

– बुद्धं, धंम्मं, सरणं की धून बजती रहेगी|

– यह चारिका धंम्मचक्कपवत्तनय स्थल से शुरू करें तथा चारिका के बाद उसी स्थल पर समाप्त की जाणी चाहिए|

– चारिका के पश्चात तथागत द्वारा दिया गया प्रथम धंम्मोपदेश की देसणा दें|

– अंत में पायस का भोजन वितरण करें|

– कोई भी उपासक/उपासिका अपने घर से पायस बनाकर वितरण कर सकता हैं|

– इस अवसर पर अपने–अपने घरों की सजावट करें|

३. अशोक विजया दसमी

यह उत्सव आश्विन माह की दसमी को मणाया जाता हैं| यह उत्सव सम्राट अशोक द्वारा अपने अंतःकरण पर की गई विजय की घोषणा से मणाया जाता हैं| इसी दिन १४ अक्तुबर १९५६ को बाबासाहब द्वारा लाखों अनुयायीयों के साथ धंम्म दीक्षा ली गई|

इस दिन धंम्म कारवां का आयोजन किया जाणा चाहिए| इस कारवां में सबसे आगे बुद्ध की झाकी इसके पश्चात सम्राट अशोक की झांकी तथा अंत में बाबासाहब की झांकी होनी चाहिए| षडरोषणी पंचशिल बौद्ध धंम्म ध्वज के साथ धंम्मानुयायी चले व मधुर संगीत बजणा चाहिए| समारोह स्थल पर धंम्म उत्सव मनाणा चाहिए|

इस दिन भी किसी योग्य भिक्खु की देसना होनी चाहिए| समारोह का राजनीतीकरण नहीं होना चाहिए| पायस का वितरण व भोजन व्यवस्था होनी चाहिए|

बौद्धों के उत्सव

प्रत्येक पूर्णिमा बौद्ध अनुयायियों के लिये एक उत्सव हैं| प्रत्येक माह पूर्णिमा के दिन सभी बौद्ध अनुयायी उपोसथ का संकल्प लेते हैं| विहरों में जाकर अठ्ठशिल ग्रहण करते हैं| बुद्ध–धंम्म–संघ वंदना करते हैं व पायस (खीर) का भोजन वितरण करते हैं| इस अवसर पर बौद्ध उपासक/उपासिकाएं केवल श्वेत वस्त्र ही पहनते हैं| भिक्खुओं को भोजन दान व संघदान करते हैं|

१. वेसाको वैशाख पूर्णिमा (बुद्ध जयंती मई)

इसी दिन सिद्धार्थ गौतम का जन्म हुवा| इसी पूर्णिमा को ज्ञान प्राप्ति हुई व इसी दिन बुद्ध का महापरिणिब्बाण हुआ| इसलिए विश्व में प्रत्येक बौद्ध व्यक्ती बुद्ध पूर्णिमा को विशेष उत्सव के रूप में मनाता हैं|

२. जेठ्ठमासो/ज्येष्ठ पूर्णिमा (जून)

सम्राट अशोक के संरक्षण में मोग्गलिपुत्त तिस्स की अध्यक्षता में पाटलिपुत्त में तिसरी बौद्ध संगिती का मंगल आरंभ इस दिन हुआ था|

३. आसाळहो/आषाढ पूर्णिमा (जुलै)

इसी दिन तथागत बुद्धने ज्ञानप्राप्ती के बाद कौण्डिण्य, वप्प, भद्दीय, अस्सजि आणि महानाम इन पंचवर्गीय भिक्खुओं को पहला धंम्मोपदेश सारनाथ यहा दिया था| बौद्ध इतिहासमें पहलें धंम्मोपदेश को धंम्मचक्कपवत्तंन सूत्त इस नाम से संबोधित किया जाता और पांच भिक्खुंओं को पंचवर्गीय भिक्खु इस नाम से जाणा जाता हैं| इसलिये आषाढ मास की पूर्णिमा को धंम्मचक्कपवत्तन दिवस भी कहा जाता हैं| इसी दिन भिक्खुओं का वस्सावास शुरु होता हैं|

४. सावणो/श्रावण पूर्णिमा (अगस्त)

इस दिन अंगुलिमाल भिक्खु बना था|

५. पोठ्ठपादो/भाद्रपद पूर्णिमा (सितंबर)

इस दिन भिक्खुणी संघ की स्थापना हुइ थी|

६. अस्सयुजो/आश्विन पूर्णिमा (अक्तुबर)

इस पूर्णिमा को वस्सावास समाप्ती के बाद भिक्खुओं को चिवर दान व भोजन दान दिया जाता हैं| विहारों को विशेष रूप से सजाया जाता हैं| उपासकों द्वारा पायस का वितरण किया जाता हैं|

७. कत्तिको/कार्तिक पूर्णिमा (नवंबर)

इस दिन तथागत ने प्रथम ६० अर्हत भिक्खुओं को लोक कल्याण के लिये चारो दिशाओं में धंम्म प्रचार का आदेश

❋"चरथ भिक्खवे चारिकं, बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय, लोकानुकंपाय, अथाय, सुखाय देवमनुसान, देसेथ भिक्खवे धम्मं आदीकल्याण, मजझेकल्याण, परियोसान कल्याण साथं संव्यजन, केवल परीपुणण ब्रह्मचर्य पकासेथ !!!"❋

हे भिक्खुओं, बहुजनों के हित के लिये, बहुजनों के सुख के लिये, लोगों को अनुकंपा करवाने के मनसे, स्वतः एवं सत्पुरुशों के हित के लिये और सुख के लिये भिक्षाटन करके विचरण करो! ये धंम्म सुरुवात से कल्याणकारी, मध्य से कल्याणकारी और अंतिम से कल्याणकारी होकर अर्थ और भावना से परिपूर्ण है| इस धंम्म का ब्रह्मचर्यव्रत रखकर प्रसार करो और उसे पूर्ण प्रकाशित करो|

देकर भेजा था|

८. मग्गसिरो/अगहन पूर्णिमा [मार्गशीर्ष पूर्णिमा] (दिसंबर)

भिक्खुणी संघमित्रा द्वारा श्रीलंका के लिये प्रस्थान|

९. फुस्सो/पौष पूर्णिमा (जनवरी)

इस दिन कश्यप बंधुओं और उनके शिष्यों की धंम्म दीक्षा हुइ| इसी दिन राजगृह में राजा बिंबिसार ने धंम्म दीक्षा लेकरं तथागत को वेलुवन दान किया|

१०. माघो/माघ पूर्णिमा (फरवरी)

यह पूर्णिमा फरवरी माह में आती हैं| इस दिन बुद्ध ने अर्हत सारिपुत्त को धंम्म सेनापति घोषित किया था|

११. फग्गुणो/फाल्गुन पूर्णिमा (मार्च)

आमतौर पर फाल्गुन की पूर्णिमा मार्च में आती हैं| फाल्गुन पूर्णिमा के दिन बुद्ध विशाल भिक्खु संघ के साथ कपिलवस्तू में आये थें|

१२. चैत्तं/चैत्र पूर्णिमा (अप्रैल)

सुजाता ने पायस (खीर) का भोजन वितरण किया था|

A. अठ्ठशिल उपोसथ संकल्प

अठ्ठशिल उपोसथ संकल्प के लिये बुद्ध विहार में जाकर भिक्खु से आठ शिल ग्रहण कीये जाते हैं| भिक्खु की अनुपस्थिती में स्वयं भी आठ शिल ग्रहण कर सकते हैं|

बौद्ध उपासक व उपासिका प्रत्येक अष्टमी, अमावश्या व पूर्णिमा के दिन अष्ठशिल उपोसथ संकल्प.धारण करते हैं और अष्ठशिल उपोसथ के दिन संकल्प धारण करकर मन को परिशुद्ध करणे का अभ्यास किया जाता हैं| उपोसथ के दिन उपासक-उपासिकाओं को सुबह बुद्ध विहार में जाना चाहिए| भिक्खु को वंदन करकर उणसे तिसरण और अष्ठशिल उपोसथ की याचना करणी चाहिए और पुरे दिन अष्ठशिल का पालन करणा चाहिए| इस दिन उपासक-उपासिकाओं के लिये अलग-अलग रहणे की व्यवस्था होति हैं, जिसे उपोसथागार कहा जाता हैं|

दोपहर १२ बजे से पहले ही भोजन ग्रहण करें| दोपहर १२ बजे के बाद कूछ भी नहीं खाणा चाहिए| उपोसथ के दिन रात्रि में भोजन नहीं करते| रात्रि के समय के भोजन को विकाल भोजन माना जाता हैं| ऊस दिन अधिक से अधिक ध्यान साधना, बुद्ध वंदना, सुत्त-पठण, ग्रंथ वाचन आदि बडी श्रद्धा भावना से की जाती हैं| बुद्ध को बोधिज्ञान (बुद्धत्व) पूर्णिमा की रात्रि के समय ही प्राप्त हुआ था| इसलिये बौद्धों ने पूर्णिमा की रात बडी मंगलदाई और श्रेष्ठ मानी जाती हैं| दुसरे दिन सुबह सूर्योदय के पश्र्चात बुद्ध, धंम्म तथा संघ वंदना करके भिक्खु से यां स्वयं तिसरणं पंचशिल ग्रहण करके उपोसथ संकल्प पुरा किया जाता हैं|

११. प्रतिदिन वंदना

१. बुद्ध विहार यां धंम्म अनुयायी के घर में प्रतिदिन प्रातः ६:०० बजे और सायं ६:०० बजे वंदना करणी चाहिए|

२. तथागत की प्रतिमा के सामने या आसन को पुष्प और पत्तियों से सजाए|

३. प्रतिमा के सामने मोंमबत्ती प्रज्ज्वलित करें|

४. मोंमबत्ती की संख्या १, ३ या ५ हो सकती हैं|

५. वंदना के समय धूप या अगरबत्ती का प्रयोग नही करना चाहिए|

६. फल, मिष्ठान्न, बिस्कीट, भोजन की थाली इत्यादी बुद्ध प्रतिमा के समक्ष नहीं रखणे चाहिए|

७. बुद्ध विहार में किसी भी प्रकार का नाच/गाना नहीं होना चाहिए|

८. सामान्य गृहस्थ परिवार अपने घर में तिसरणं पंचशिल का संगायान कर सकता हैं|

९. वंदना का प्रारूप संगायन शैली एकरूपता में होनी चाहिए|

१०. बुद्ध वंदना को बुद्ध पूजा नहीं कहणी चाहिए|

११. वंदना के साथ धंम्म ग्रंथ का एक अध्याय भी पढा जाणा चाहिए|

१२. रविवार के दिन सामूहिक वंदना करणी चाहिए|

१३. सामूहिक वंदना में धंम्म ग्रंथ वाचन व पायस का वितरण होना चाहिए|

१२. संबोधन

१. गृहस्थ व्यक्ती एक दुसरे को जीवन साथी, जीवन संगिनी कहकर संबोधित करेंगे|

२. गृहपति भी संबोधन के लिये प्रयोग किया जा सकता हैं|

३. युवा/युवती को विवाह के समय वर–वधू न बोलकर दारक/दारिका नाम दें|

४. दंपत्ती एक दुसरे को अर्धांगिनी, धर्मपत्नी, पत्नि, पति, पतिदेव, स्वामी आदि पदों से संबोधित न करें|

५. महिलायें भी स्वयं को हाऊस वाईफ, होम मेकर न कहें|

६. लडकी को कंन्या कहकर संबोधित न करें|

७. रिश्तों में बौद्ध सभ्यता के हजारो वर्ष पुराणे शब्दों का प्रयोग निम्नानुसार किया जा सकता है –

माता – अम्मा पिता – जनको/पितु भाई – भ्राता बहन – भागिनी दादा – अय्यको दादी – अय्यका बेटा – पुत्त बेटी – पुत्ती सास – सस्सू ससुर – ससुर चाचा – चुलपिता चाची – चुलमाता मामा – मातुल मामी – मातुला बुआ – पितुच्छा मौसी – मातुच्छा पति – भत्तु (भर्तार) पत्नी – भारिया जवाई – जामाता देवर – देवरो बडा भाई – जेठ्ठभाता छोटा भाई – कणिट्ठभाता बडी बहन – जेठ्ठभागिनी छोटी बहन – कणिट्ठ भागिनी भतिजा – भातुपुत्तो भांजी – भांजी शिष्य – सिस्स

१३. बौद्धों के गुण

१. प्रत्येक बौद्ध बुद्ध, धंम्म और संघ के प्रति अतूट श्रद्धा रखता हैं|

२. बौद्ध भिक्खू/भिक्खुणियों के प्रति संम्मान और सहयोग की भावना रखता हैं|

३. यथा सामर्थ्य दान के पात्र लोगों को दान देता हैं|

४. धंम्म. के प्रचार–प्रसार के लिये प्रयासरत रहता हैं|

५. प्रत्येक बौद्ध सत्य, अहिंसा, करुणा और मैत्री से संप्पंन्न होता हैं|

६. प्रत्येक बौद्ध जाति और जाति की भावना से मुक्त होता हैं|

७. कोई भी बौद्ध अनुयायी भिक्खु/भिक्खुणि की निंदा नहीं करता|

८. मध्यम मार्ग पर चलने वाला होता हैं|

९. दस पारमिताओं पर अंमल करता हैं|

१०. केवल बौद्ध उत्सव ही मनाता हैं|

११. समाज के प्रति दायित्व का निर्वाह इमानदारी और निष्ठा के साथ करता हैं|

१२. महिलाओं को समानता का दर्जा देता हैं तथा संम्मान देता हैं|

१३. बाच्चों की शिक्षा के प्रति सजग होता हैं|

१४. अनावश्यक खर्च नहीं करता हैं|

१५. बुद्ध और उनके धंम्म ग्रंथ का नियमित रूप से अध्ययन करता हैं|

१६. प्रत्येक माह की अष्टमी, अमावस्या व पूर्णिमा के अवसर पर उपोसथ करता हैं|

१४. संखार कंम्मख संहिता

संखार कंम्मख बनणे के इच्छुक उपासक/उपासिकाओं को सर्वप्रथम किसी सुयोग्य भिक्खु/भिक्खुणी से बौद्ध संखार विधिं का गहण प्रशिक्षण लेना चाहिए| पुस्तक में देख–देखकर संखार करवाने की अपेक्षा उसे तिसणं–पंचशिल, अट्ठमंगल गाथा, और संखार विधि अच्छे से याद होनी चाहिए|

१. संखारकर्ता के लिये पंचशिल का पालन अनिवार्य हैं|

२. बाबासाहब डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर द्वारा लिखित बुद्ध और उंनका धंम्म व बौद्ध साहित्य का अध्ययन करना चाहिए|

३. धंम्म के कार्य से कभी भी व्यक्तिगत लाभ की अपेक्षा नहीं करणी चाहिए और अंन्य संखारकर्ताओं के लिये अच्छा उदाहरण पेश करना चाहिए|

४. प्रत्येक संखारकर्ता को अंन्य संखारकर्ता व उपासकों के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार करना चाहिए|

५. संखारकर्ता द्वारा देसना देते समय तथागत बुद्ध की धंम्म देसनाओं में कोई परिवर्तन नहीं करना चाहिए|

६. संखारकर्ता शिल का परिचय दे| क्रोध पर नियंत्रण रखे|

७. जिस परिवार में भी संखार विधि के लिये जाये उनसे किसी विशेष प्रकार के भोजन की मांग उम्मिद न करें| जैसा भी साधारण भोजन मिले असे अनुशासन में रहकर खायें तथा भोजन की मात्रा का भी ध्यान रखें|

८. संखारकर्ता को कार्यक्रम के दौरान अपनी गरिमा बनाए रखणी चाहिए|

९. संखारकर्ता को संखार के लिये अधिक धन की अपेक्षा नहीं करणी चाहिए|

१०. धंम्म किसी भी स्थिती में व्यापार न बन जाये इस को भी ध्यान में रखणा चाहिए|

११. संघ दान स्वरूप प्राप्त राशी को संघ में जमा कर देना चाहिए|

१२. संखारकर्ता को किसी भी प्रकार के कर्म कांड व अंधश्रद्धा वाली बातों से बचना चाहिए|

१३. डर और लोभ पैदा करणेवाली बाते नहीं करणी चाहिए|

१५. भिक्खु को निम्नलिखित बातो से बचना चाहिए

१. भिक्खु/भिक्खुणिओ को विवाह संखार नहीं करना चाहिए|

२. उन्हे किसी भी प्रकार के कर्मकांड या पुरोहितगिरी नहीं करणी चाहिए|

३. हांथ पर धागे बांधना, गंडे ताविज बांधणा व अंधविश्वास आदि से बचना चाहिए|

४. भिक्खु/भिक्खुणियों को स्वाद के लिये मांगकर भोजन नहीं लेणा चाहिए|

५. भिक्खु/भिक्खुणियों को सर्वदा मांसाहारी भोजन से बचना चाहिए|

६. भिक्खु/भिक्खुणियों को तंबाखू व नशा करणे वाले किसी भी प्रकार के पदार्थ को ग्रहण करणे से बचना चाहिए|

७. भिक्खु/भिक्खुणियों को क्रोध करणे से तथा अहंकार से बचना चाहिए|

८. जादा बोलणा, मांग करके दान लेणे से बचना चाहिए|

९. भिक्खु/भिक्खुणियों को धंम्म देसना के दौराण अंधविश्वास, चमत्कार व काल्पनिक उदाहरणों से बचना चाहिए|

१०. अपनी बौद्ध सभ्यता व संखारों के साथ किसी भी प्रकार का समझोता नहीं करना चाहिए|

१६. बौद्धों को क्या करना चाहिए

१. प्रत्येक बौद्ध व्यक्ती को तिसरंणं, पंचशिल कंठस्थ होणे चाहिए व उनका पालन भी करना चाहिए|

२. प्रत्येक बौद्ध को बाबासाहब द्वारा दि गइ २२ प्रतिज्ञाओं का पालन करणा चाहिए|

३. बच्चों को धंम्म की शिक्षा हेतू सामणेर/सामणेरी प्रक्षिक्षण शिविर में भाग लेणे के लिये प्रेरित करना चाहिए|

४. सभी से मैत्रिपूर्ण व्यवहार करना चाहिए|

५. प्रत्येक बौद्ध को प्रगतिशील व सकारात्मक विचार वाला होना चाहिए|

६. बाबासाहब के आदेशानुसार अपनी आय का २० वां भाग धंम्म एवं सामाजिक कार्यों के लिये दान करना चाहिए|

७. अपने घर में अपने महापुरुषो के ही चित्र होणे चाहिए|

८. बोधिवृक्ष के प्रति विशेष संम्मान का भाव रखणा चाहिए| बोधिवृक्ष को काटना नही चाहिए| प्रत्येक बौद्ध को एक बोधिवृक्ष अवश्य लगाना चाहिए|

९. प्रत्येक बौद्ध व्यक्ती को सामणेर/सामणेरी पवज्जा अवश्य लेणी चाहिए|

१०. प्रत्येक बौद्ध व्यक्ती को वर्ष में एक बार अपने धंम्म स्थल बोधगया, सारणाथ, लुंबिनी, कुशिनगर, दीक्षाभूमी, चैत्यभूमी, आदि पवित्र स्थलों की यात्रा पर अवश्य जाणा चाहिए|

११. भिक्खु/भिक्खुणिओं को भोजन दान और संघदान करना चाहिए|

१२. यदि गाँव/शहर में कोई बुद्ध विहार हो तो वहां रहणे वाले भिक्खु/भिक्खुणियों की सुविधा हेतू समुचीत व्यवस्थाओं में सहयोग करना चाहिए|

१३. बुद्ध पूर्णिमा, बाबासाहब आंबेडकर जन्मोत्सव, धंम्मदीक्षा दिवस और सम्राट अशोक जन्मोत्सव के अवसर पर घरों में दीपमालायें जलाकर रोशनी करें तथा नये सफेद कपडे सिलवाए, पकवान बनाए, मीठाईयां बांटे| विहारों में भिक्खुओं को दान दे तथा परिवार के सदस्यों को इन अवसरों लाने ले जाणे का दाईत्त्व निभाए|

१४. विवाह संखार दिन में करें, रात्रि को न करें|

१५. यदी पथ पर सामने से भिक्खु आता हो, तो उन्हे झुककर और दोनो हाथ जोडकर 'वंदामी भंते/नमो बुद्धाय भंते' इस तरह से संम्मानित करें|

१६. यदी बुद्ध विहार अथवा अन्य स्थान लगा धंम्मध्वज फट गया हो तो उसे तुरंत बदलकर नया ध्वज लगा दे|

१७. बुद्ध विहार में खाली हांथ कभी न जाये| मोमबत्ती, पुष्प आदि अवश्य लाए| मोमबत्ती बुद्ध प्रतिमा के समक्ष जलाए, पुष्प प्रतिमा के समक्ष ही अर्पित करें| भिक्खुओं को दैनिक उपयोग की वस्तूये दान करें|

१८. आदिच्चवारो (रविवार) व पूर्णिमा के दिन बुद्ध विहार में अवश्य जाए|

१७. बौद्धों को क्या नही करना चाहिए

१. बौद्ध अनुयायी अपने घरों में अपने महापुरुषो के अतिरिक्त किसी प्रकार के चित्र, मूर्ती इत्यादी न रखें|

२. किसी भी परिस्थिती में बौद्ध अनुयायी को शराब, गांजा, भांग, अफिम, तंबाकू, सिगारेट, गुटखा आदि नशिले व स्वास्थ्य के लिये हानिकारक पदार्थो का सेवन नहीं करना चाहिए|

३. जीव हत्या न करे और नहीं इसके लिये किसी को प्रेरित करे|

४. बौद्ध व्यक्ती के गले में, कमर में, बाहं में, काला धागा, गंडा, ताविज आदि नहीं होना चाहिए| यह अंधविश्वास और अच्छुतपण के प्रतीक हैं|

५. बौद्ध व्यक्ती किसी भी प्रकार का काला, लाल, नीला, पिला, व सफेद धागा अपने हाथ पर न बांधे और नहीं बांधणे के लिये प्रेरित करे|

६. किसी भी सामाजिक/धार्मिक कार्य में नारियल फोडणे व नारियल देणे की परंपरा न निभाए|

७. किसी नदी/तालाब या समुद्र में पैसे नहीं डालने चाहिए|

८. किसी भी ज्योतिष/तांत्रिक इत्यादी से हाथ की रेखाए नहीं दिखानी चाहिए और नहीं उनसे परामर्श लेनां चाहिए|

९. राशिफल न पढे और नहीं इस पर विश्वास करें|

१०. कोई भी संखार दुसरे धर्म के लोगों से न कारवाए|

११. तांत्रिक व जादू–टोना के चक्कर में नहीं पडणा चाहिए|

१२. भूत–प्रेत इत्यादी की बाते नहीं करणी चाहिए और नहीं उनको मानणा चाहिए|

१८. बौद्धों की परंपराए

१. प्रत्येक पूर्णिमा, अष्टमी और अमावस्या को उपोसथ करना चाहिए|

२. प्रत्येक पूर्णिमा को पायस (खीर) बनाना और भिक्खु को आमंत्रित कर भोजन दान देना चाहिए|

३. वस्सावास के दौरांन भिक्खुओं को भोजन, पथ्य, वस्त्र इत्यादी दान देना चाहिए|

४. भिक्खु/भिक्खुणियों को चीवर दान करना चाहिए|

५. भिक्खुओं की देसना सुनणा व आचरण मे उतारणा चाहिए|

६. बौद्ध उपासक धंम्म का दायद बनणे के लिये अपनी संतान को भिक्खु/भिक्खुणि बनणे के लिये दान देना चाहिए|

७. सभी संखार बौद्ध रीति से कर्वाणा तथा किसी भी प्रकार के अनावश्यक दिखावे व फिजुलखर्ची से बचना चाहिए|

८. प्रत्येक आदिच्चवारो (रविवार) को बुद्ध विहार में जाना चाहिए|

९. बोधिवृक्ष (पिपल) को लगाना चाहिए|

१०. विशेष अवसरो पर श्वेत वस्त्र पहनने चाहिए|

११. महापुरूषो के जन्म उत्सव मनाने चाहिए|

१२. माता–पिता तथा श्रेष्ठजनों का आदर करना चाहिए|

१३. बौद्ध व्यक्ती स्वयं के कल्याण के लिये कार्य करणे के साथ–साथ अंन्य लोगों के कल्याण के लिये भी कार्य करना चाहिए|

१९. निषेधात्मक बातें

१. बुद्ध की प्रतिमा के गले में पुष्प मांला आदि नहीं डालनी चाहिए|

२. बुद्ध प्रतिमा के संम्मुख खाद्य सामुग्री रखकर पूजा नहीं रखनी चाहिए|

३. भिक्खुओं के चरण स्पर्श नहीं करना चाहिए|

४. भिक्खु को अपने रास्तेपर जाते हुये रोककर बात नहीं करणी चाहिए|

५. बुद्ध विहार में भिक्खु के प्रवचन के मध्य अथवा अंत में ताली नहीं बजानी चाहिए, ताली के स्थान पर तीन बार 'साधू–साधू–साधू' का उच्चारण करना चाहिए|

६. बुद्ध विहार मे घंटा, शंख आदि नहीं बजाना चाहिए, और नहीं नारे आदि लगाणे चाहिए|

७. बोधिवृक्ष (पिपल) के पेड के किसी भी वृक्ष के नींचे मल–मूत्र त्याग नहीं करना चाहिए|

८. बुद्ध प्रतिमा की और पैर फैलाकर नहीं बैठणा चाहिए और नहीं सोना चाहिए|

९. बौद्धों को अपने नाम में जाति सूचक शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए|

१०. बौद्धों को अपने संबोधन में श्री, श्रीमान, श्रीमती जैसे शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए|

११. बुद्ध की प्रतिमा के साथ रखी किसी भी प्रतिमा अथवा चित्र पर माला न डालें| केवल पुष्प अर्पित करें|

१२. भिक्खुओं के गले में किसी भी प्रकार की माला न डालें|

२०. गृहस्थ के नियम

किसी भी आदमी का धंम्म तभि सद्धंम्म हो सकता हैं, जब वह उसे अपने धन को बर्बाद करणे की शिक्षा न दे| बुद्ध ने सुखी गृहस्थ जीवन जिने के लिये निम्नलिखित कार्य न करने की सलाह दि हैं –

शाराब की लत पड जाणे से छ (६) हानिया हैं –

१. धन की हानि २. कलह होना ३. रोग की संभावना ४. दुश्चरित्रता ५. भद्दी नग्नता ६. बुद्धि की हानी|

रात को बाजारों में घुमने से छ (६) हानिया हैं –

१. वहं स्वयं अरक्षित होता है| २. ऊसके स्त्री–बच्चे अरक्षित होते हैं| ३. ऊसकी संपत्ति अरक्षित होती हैं| ४. जिन अपराधों के करणे वालों का पता नहीं लगता, ऐसे व्यक्ती पर उन अपराधों के करणे का संदेह किया जाता हैं| ५. ऐसे व्यक्ती के बारें में झुठी अफवाऐं फैल जाती हैं| ६. इन सबके अतिरिक्त अनेक दु:ख सहने पडते हैं|

जुआ खेलणे की लत पड जाणे से छ (६) हानियां हैं –

१. जितने पर घृणा का पात्र बनता हैं| २. हारने पर अपनी हार से दु:खी होता हैं| ३. ऐसे व्यक्ती का गुजारा नहीं हो पाता| ४. अदालत में ऊसके वचन का कोई मूल्य नहीं होता| ५. वह मित्र तथा राजकर्मचारीयों की घृणा का पात्र बन जाता हैं| ६. कोई शादी करणे वाला उससे संबंध बनाना नहीं चाहता क्योंकी ऐसे व्यक्ती के बारे में कहा जाता हैं की जुआरी कभी पत्नी का पालन–पोषण नहीं कर सकता|

आलसी होणे के छ (६) दोष हैं –

१. बहुत थंड हैं, काहकर ऐसा आदमी काम नहीं करता| २. बहुत गर्मी हैं, कहकर ऐसा आदमी काम नहीं करता| ३. बहुत जल्दी हैं, कहकर ऐसा आदमी काम नहीं करता| ४. बहुत दर हो गई, कहकर ऐसा आदमी काम नहीं करता| ५. बहुत भुख लगी हैं, कहकर ऐसा आदमी काम नहीं करता| ६. बहुत खा लिया हैं, कहकर ऐसा आदमी काम नहीं करता|

क्योंकि जो उसे करना चाहिए था, वह उसे बिना कीये ही रह जाता हैं| इसलिये वह कूछ नया अर्जित नहीं कर सकता, जो अर्जित रहता हैं, वह भी नष्ट हो जाता हैं|

२१. सदाचारी बने रहणे के लिये धंम्मोपदेश

१. एक बार तथागत सावत्थि के निकट अनाथपिंडक के जेतवन में विहार कर रहे थे|

२. अर्धरात्रि बितने पर एक समण तथागत के पास आया और पास आकार श्रद्धापूर्वक अभिवादन करके एक और खडा हो गया| इस प्रकार खडे हुये उसने तथागत से निवेदन किया –

३. तथागत! मैं आपकी सेवा में प्रश्न पूछने के लिये उपस्थित हुआ हू| कृपया बताऐ की आदमी का पतन कैसे होता हैं? तथागत ने आदमी के पतन के कारणों का वर्णन करणा स्वीकार किया –

४. उन्नतिशिल आदमी को सरलतासे जाणा जा सकता है और पतनोंमुख आदमी को भी सरलतासे पहचाना जा सकता हैं| धंम्म से प्रेम करणे वाले की उंन्नति होती हैं, धंम्म से द्वेष करणे वाले का पतन होता है|

५. असत्पुरुष उसे अच्छे लगते हैं, सत्पुरुष में उसे कुच्छ भी अच्छा नहीं लगता, वह असत्पुरुशों के धर्म को पसंद करता हैं, – यह उसके पतन का दुसरा कारण हैं|

६. वह निद्रालु होता हैं, उसे वही समाज (लोग) अच्छे लगते हैं, जो परिश्रमी नहीं होते हैं, सुस्त होते हैं और क्रोध प्रदर्शित करते हैं – यह उसके पतन का तिसरा कारण हैं|

७. धनी और समर्थ होकर भी अपने वृद्ध माता–पिता का पालन पोषण नहीं करता – यह उसके पतन का चौथा कारण हैं|

८. जो झूठ बोलकर किसी भले आदमी को या किसी भिक्खु को धोका देता हैं – यह उसके पतन का पांचवा कारण हैं|

९. जो बहुत संप्पत्ति का स्वामी होता हैं, जिसके पास बहुत धन–धांन्य होता हैं; लेकीन जो अकेला ही उसका आनंद भोगता हैं – यह उसके पतन का छठा कारण हैं|

१०. जो आदमी अपने जन्म (पालि जाति), धन या गोत्र पर अभिमान करता है और अपने संबंधियों का तिरस्कार करता हैं – यह उसके पतन का सातवां कारण हैं|

११. जो आदमी विलासी हैं, शराबी हैं, जुआरि हैं और उसके पास जो कूच्छ हैं उसका अपव्यय करता और लुटाता हैं – यह उसके पतन का आठवां कारण हैं|

१२. जो अपनी पत्नी से संतुष्ट न रहकर, वेशाओं तथा पर–स्त्रियों के पास जाता हैं – यह उसके पतन का नौवा कारण हैं|

१३. जब वृद्ध व्यक्ती नव युवती को घर ले आता हैं, तो उसकी इर्षा के कारण वह चैन से नहीं सो सकता – यह उसके पतन का दसवां कारण हैं|

१४. जो किसी असंयमी फजुल खर्ची स्त्री अथवा आदमी को अपनी संप्पत्ति का अधिकारी बना देता हैं – यह उसके पतन का ग्यारहवां कारण हैं|

१५. जो क्षत्रिय कुल में जन्मा अल्प साधन रखणे वाला हैं, किंतू बहुत महत्त्वाकांक्षी होणे के कारण राज्य की अभिलाषा रखता हैं – यह उसके पतन का बारहवां कारण हैं|

१६. समण! पतन के इन कारणों को जान लें और यदि तू इन पर विजय प्राप्त कर लेगा तो तू सुरक्षित रहेगा|

२२. भिक्खु/भिक्खुणियों के प्रति धंम्म अनुयायीयों के कर्तव्य

१. वह भिक्खु–भिक्खुणियों संम्मान करते हुऐ विधिवत रूप से अभिवादन करें|

२. बिमारी की अवस्था में उनके लिये औषधि व खान–पान की व्यवस्था करें|

३. भिक्खु/भिक्खुणियों का कभी उपहास व निंदा न करें|

४. बुद्ध, धंम्म व संघ की निंदा न करें|

५. भिक्खु/भिक्खुणियों के साथ कभी–भी झगडा व अनावश्यक बहस नं करें|

६. भिक्खु और भिक्खुणियों को अलग से उंचा आसन दे और उनके बराबर में न बैठे|

७. भिक्खु/भिक्खुणियों का चरण स्पर्श न करें|

८. हाथ में धागा बांधणे की जिद्द न करें|

९. विशेष अवसर पर भिक्खु–भिक्खुणियों को घर बुलाकर भोजन दान दे|

१०. भिक्खु/भिक्खुणियों को उपयोग में आणे वाली वस्तूयें दान करें|

२३. भिक्खु/भिक्खुणियों के दायित्व

१. भिक्खु कों विनय का पालन करते हुऐ संघ के अनुशासन को स्वीकार करना होता हैं|

२. भिक्खु/भिक्खुणि निरंतर चारिका में रहकर बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय के सिद्धांत पर कार्य करें|

३. भिक्खु/भिक्खुणि को चाहिए की वह अपने धंम्म का पालन करें वं धंम्म देसना दे, अंन्य दुसरे धर्मों की आलोचना न करें|

४. भिक्खु/भिक्खुणि की वाणी विनंम्र और स्वभाव में करुणा मैत्री होनी चाहिए|

५. स्वेच्छा से उपासक/उपासिकायें भिक्खु को दान कर सकते हैं, लेकीन भिक्खु को कभी भी दान की मांग नहीं करणी चाहिए|

६. किसी भी धांम्मिक कार्य/धंम्मा देसना इत्यादी में भागीदार बनणे के लिये विशेष शुल्क की मांग नहीं करणी चाहिए|

७. भिक्खु/भिक्खुणि को पतिमोख के नियमों का पालन करणा चाहिए|

८. व्यक्तिगत साधना मे उंन्नति के साथ–साथ भिक्खु/भिक्खुणि को मानवता की सेवा के लिये सदैव तत्पर रहणा चाहिए|

९. भिक्खु/भिक्खुणि का काम लोगों को बंधन मुक्त करना हैं|

२४. बौद्ध माह व सप्ताह के दिन

बौद्ध पंचांग महाकारूणिक बुद्ध के जन्म से बौद्ध पंचांग की शुरूआत मानी जाती हैं जिसमे वर्ष को बुद्धाब्द के नाम से जाणा जाता हैं| अंग्रेजी कॅलेंडर वर्ष मे ५६३ ई. स. पूर्व (सिद्धार्थ का जन्म ५६३ ई. स. पूर्व हुवा था|) जोडकर बुद्धाब्द ज्ञात किया जा सकता हैं| वर्तमान अंग्रेजी वर्ष २०२५ में बुद्धाब्द २५८८ चल रहा हैं| बुद्ध काल में अंग्रेजी माह, संस्कृत माह नहीं थे, तो पालि भाषा में थे| बौद्ध पंचांग में सप्ताह के दिनों और महिनों के नाम निम्नानुसार हैं –

जम्बुव्दिप/नागरी संखार कालीन बौद्ध माह व सप्ताह दिन के नाम इस प्रकार हैं|

पालि | अंग्रेजी | मराठी

पाली (Pali)	इंग्रजी (English)	मराठी (Marathi)
१) फुस्सो मासो	जानेवारी (January)	पौष
२) माघो मासो	फेब्रुवारी (February)	माघ
३) फगुणो मासों	मार्च (March)	फाल्गुंन
४) चित्त मासो	एप्रिल (April)	चैत्र
५) वैसाक्ख मासो	मे (May)	वैशाख
६) जेठ्ठ मासो	जुन (June)	जेष्ठ
७) आसाळ्हो मासो	जुलै (July)	आषाढ
८) सावणिस्सायणो मासो	आगष्ट (August)	श्रावण
९) पोठ्ठपादो मासो	सप्टेंबर (September)	भाद्रपद
१०) अस्सयुजो मासो	आक्टोबर (October)	आस्विन
११) कत्तिको मासो	नोव्हेंबर (November)	कार्तिक
१२) माग्गसिरो मासो	डिसेंबर (December)	मार्गशिस

१) चन्दवारो	मंडे (Monday)	सोमवार
२) कुंजवारो	चुसडे (Tuesday)	मंगळवार
३) बुधवारो	वेणसडे (Wednesday)	बुधवार
४) गरुवारो	थर्सडे (Thursday)	गुरुवार
५) सुक्कवारो	फ्रायडे (Friday)	शुक्रवार
६) सनिवारो	सॅटरडे (Saturday)	शनिवार
७) आदिच्चवारो	संडे (Sunday)	रविवार

२५. बौद्ध आचार संहिता निर्माण में हस्थाक्षर

पेज - 1

[illegible]		[illegible] 16.06.2024
[illegible]	9007580262	[illegible] 16/06/24
भिक्षु देवेन्द्र थेरो	9450665019	[illegible]
Bhadant Dr. Chandrakitti	9990576546	[illegible] 16/06/24
Bhante Dr. Siddhartha		[illegible]
Dr. [illegible]	[illegible]	[illegible]
भिक्षु दर्शन दीप थेरो	8979968939	[illegible]
भिक्खु शील बोधि		शीलबोधि
भिक्खु ज्ञान सागर		भिक्षु ज्ञानसागर
भिक्खु बुद्ध शरण		बुद्ध शरणम् / भन्ते बुद्ध यश
" बुद्ध यश		
" संघदीप		संघदीप
" कस्सप मित्र		भन्ते कस्सप मित्र
" धम्म रक्षित		धम्म रक्षित
" धम्म विरज्योति		धम्म विरज्योति
चन्द्रकीर्ति		चन्द्र कीर्ति
भन्ते प्रज्ञा सागर	99299-35427	हनुमानगढ़ (राज.)
भन्ते धम्मप्रिय (मुंबई)		[illegible]
" मंगलदीप		भन्ते मंगल दीप
भन्ते जयबोधि		भन्ते [illegible]
भन्ते ज्ञानदीप		भन्ते ज्ञानदीप
सुरेंद्र [illegible]		Suma [illegible]

पेज न. 2

भन्ते ज्ञानरतन		भन्ते बौद्ध ज्ञानरतन
" जीवक ज्योतिरतन		Bhikkhu Jivak Jyoti Ratna
आनंद मैत्री		आनंद मैत्री
धम्म विनय		[illegible]
" ज्ञान रतन		भन्ते ज्ञान रतन
" अविनाश		अविनाश
" सारिपुत्त		सारिपुत्त
" गुणकीर्ति		गुणकीर्ति
प्रज्ञा उदय	9536 76020	प्रज्ञा उदय
" अमोल रत्न बरेली	8006271029	
धम्म प्रिय	8506914620	धम्म प्रिय
" कल्याणी	9511423311	कल्याणी
Buddhalankar Baudh	Dhamma Bhoomi Aligarh (U.P.)	Alankar Baudh
Uphar Swaroop	Aligarh (U.P.)	Uphar
Samyak Swaroop	Aligarh (U.P)	Samyak

पेज न. 3

Dhamma Sandesh (Ramesh Kumar)	V. Vaidwala SIRSA Haryana	[illegible]
Dr SATISH CHAUHAN	H. N. 1818 Sec 33 HISAR HARYANA	[illegible]
सुमेर सिंह जी. Sumer Singh [illegible]	R/o [illegible] School [illegible] (Raj.)	[illegible]
राकेश कुमार	V.P.O. Naugawan Teh. Kaman Deeg Rajasthan	Rakesh Kumar
Ashok Singh	2 [illegible] Kulasganj Shahganj [illegible] U.P	[illegible]
चन्द्रशेखर सम्यक	भीम ज्ञान-चर्चा एसोसियेशन इटावा (उ0प्र0)	[illegible]
Mahavir Singh Nahar	C-1, 645, Palam Vihar Gurgaon (Haryana)	[illegible]
करनैल सिंह	[illegible] जिला फतेहाबाद हरियाणा	करनैल सिंह
Pyare Lal	Vikas Nagar H. No 617, Rewari (HR)	[illegible]
Bhag Singh Bodh	VPO Bhodia Khera Fatehabad Hr.	[illegible]
[illegible]	हनुमानगढ़ (राज.)	
ओमलाल बौद्ध	[illegible]	ओमलाल
अमर सिंह तलवाडा	तलवाड़ा [illegible] टिब्बी हनुमानगढ़ [illegible]	अमर सिंह [illegible]
रामचन्द्र तलवाडा	तलवाडा [illegible] टिब्बी हनुमानगढ़ (राज)	रामचन्द्र
Dr. Mahendra Sanghpal	B/5, SHIVAM DUPLEX B/H C.N.I church, BEHRAMPURA Ahmedabad Gujarat	[illegible]
Rajesh R Buddh	Chandumsar Sidhpur Patan Gujarat [illegible]	[illegible]
Dashrath Singh Bodhay	Village Raipur Distt. Bhopal M.P.	[illegible] Singh
Hunamal	गाव [illegible] हिसार हरियाणा	Hunamal
सुन्दर लाल	आदमपुर हिसार हरियाणा	सुन्दर लाल
श्री पाल	[illegible] हिसार हरियाणा	Shripal
राज [illegible] पासवान	ग्राम- [illegible], बाढ़ जिला- पटना (बिहार)	[illegible] पासवान
[illegible] बौद्ध	[illegible]	[illegible] बौद्ध
Arvind Baudh	Vill. [illegible] Jaipur (Raj.)	[illegible]
नरेन्द्र बौद्ध	टूण्डला. फिरोजाबाद (उ.प्र.)	[illegible]
Birdi Chand Budh	Minda Deedwana-Kuchaman (Raj)	[illegible]

- Page No 4 -

Nandan Baudh	Ghazipur (UP) Ghazipur	[illegible]
Anand Baudh	Bassi (Jaipur) Rajasthan	Anand
Dr Jawahar Lal	[illegible] MP	[illegible]
आचार्य संदीप [illegible]	भिक्षु [illegible] नगर (M.P.)	[illegible]
किशन [illegible]	हनुमानगढ़ बीकानेर राजस्थान	(राम [illegible])
Prem Narayan	Mandideep Raisen (M.P)	[illegible]
Krishan Kumar Gautam	327, Asola Fatehpur Beri, South Delhi, Delhi	K Gautam
Sushil	128-A, D.C. Colony, Fatehabad (Haryana)	[illegible]
Rajkumar Bharti	Gosaidih, KG Ashram, Dhanbad, Jharkhand	Bharti
ASHOK KUMAR KANOJIA	Bhuli Dhanbad Jharkhand	[illegible]
JWALA PRASAD	B-55, Sector-9, New Vijay Nagar Ghaziabad (U.P.)	[illegible]
P. L. BHIM RAO	458 Gali No. 2 Adarsh Colony Palwal (HR)	[illegible]
SURESH BOUDDH	5/170, NEB Extension Transport Nagar ALWAR (Raj.)	[illegible]
कमलेश कुमार बौद्ध	बासड़ी झुन्झुनू राजस्थान	[illegible]
नागसेन बौद्ध	टिब्बी हनुमानगढ़, राजस्थान	[illegible]
ॐ [illegible]	रामनगर नारनौल हरियाणा	ॐ [illegible]
सकुन्तला	रामनगर नारनौल हरियाणा	सकुन्तला
सुषमा बौद्ध	F-161 B शिक्षक कॉलोनी अलवर (राजस्थान)	[illegible]
राजबाला	लहरोदा नारनौल हरियाणा	राजबाला
सीमा	पुलिस लाइन सिरसा हरियाणा	Seema
प्रहलाद राम	पुलिस लाइन सिरसा हरियाणा	[illegible]
रामफल	V.P.O. [illegible] जिला सिरसा हरियाणा	[illegible]
सन्तोष बौद्ध	ग्राम- [illegible], जिला- इटावा 3050	[illegible]
कैलाशी बौद्ध	गाँव [illegible] बाड़ी धौलपुर राजस्थान	कैलाशी
राजश्री शाक्य	Chennai, Tamil Nadu.	[illegible]

Page No 5

Khushi	Vill. Sigui, Mahendergarh (Haryana)	Khushi
सीताराम सौगत	अलवर राजस्थान	[illegible]
तरुण कुमार बौद्ध	[illegible] उ० प्र०	तरुण कुमार
नेमाराम मेहरा	गांव पो- [illegible] बीकानेर राजस्थान	नेमाराम मेहरा
[illegible]	16, Deep Nagar, Agra U.P.	[illegible]
बलराज	[illegible] हिसार हरियाणा	बलराज
[illegible]	गांव [illegible] जिला फतेहाबाद हरियाणा	[illegible]
नवीन [illegible]	[illegible], आगरा (उ० प्र०)	[illegible]
[illegible] बौद्ध	ग्राम व पो० [illegible] आजमगढ़ उ० प्र०	[illegible]
Hari Nath	Vill- Bhawa Rai D- Azamgarh UP	[illegible]
[illegible] राम	V.P.O [illegible] Dist [illegible] Raj	[illegible]
करन बौद्ध	गांव [illegible] [illegible] राज०	[illegible]
रमेशचन्द बौद्ध	[illegible], भवानी मंडी जि. झालावाड़ (राज०)	[illegible]
सतीश कुमार बौद्ध	जहांगीराबाद जिला बुलन्दशहर U.P	[illegible]
[illegible] कुमार [illegible]	E 331 नई बस्ती [illegible] नई दिल्ली-110085	[illegible]
[illegible] सिंह [illegible] बौद्ध	उ० प्र० बुलन्दशहर गांव [illegible]	[illegible]
प्रमोद बौद्ध	[illegible] भोपाल (MP) 9425603304	P.B.Kamble
